इसकी मोर छड़ी के आगे सब संकट मिट जाएगा

इसकी मोर छड़ी के आगे सब संकट मिट जाएगा,
खाटू में जो भी आए भव से पार हो जाएगा....

सेठों में सेठ मेरा बाबा खाटू वाला,
झाड़ा देता है ऐसा खुल जाए बंद किस्मत का ताला,
जो भी दर पर आकर झोली फैलाएगा,
खाटू में जो भी आए भव से पार हो जाएगा....

दया करे ये सब दिनन पर फर्क करे ना कोई,
तीन लोक में ऐसा दानी देखा और न कोई,
जो भी दर्शन पाए जीवन सफल बनाएगा,
खाटू में जो भी आए भव से पार हो जाएगा....

इतनी कृपा कर दे बाबा मैं भी खाटू आऊं,
छप्पन भोग खिलाकर बाबा तुझको मैं रिझाऊं,
तेरी सेवा से पापों का अंत हो जाएगा,
खाटू में जो भी आए भव से पार हो जाएगा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26417/title/iski-mor-chdi-ke-aage-sab-sankat-mit-jayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |